## विधायक और कलेक्टर ने किया निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण

# आजादी के 77 साल बाद भी नहीं बन पाई सड़क, अब जाकर मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



देश की आजादी के करीब 77 वर्षों के बाद भी विकासखंड ढीमरखेड़ा के ऊंची पहाड़ी पर बसे गौरी गांव के करीब सौ विशेष जनजातीय समुदाय की बस्ती तक सड़क नहीं पहुंच सकी थी। ग्राम पंचायत गौरा के इस पोषक गांव गौरी के रहवासियों को अपने घर पहुंचने के लिए करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी टेढ़ी -मेढी पगडंडियों और पहाड़ी की चढ़ाई चढ कर ही जाना पड़ता था। सड़क नहीं होने की वजह से बीमारों को अस्पताल ले जाने के लिए कपड़े की झोली बनाकर ही पहाड़ी के ऊपर से नीचे लाना पड़ता था। लेकिन यह सब जल्द ही अब बीते दिनों की बात हो जायेगी। यहां पहाड़ के गुरूर को काटकर करीब 70 लाख रुपए की लागत से 1200 मीटर लंबी बन रही लोगों के लिए सड़क के बन जाने के बाद गौरी गांव के करीब सौ विशेष जनजातीय समुदाय के लोगों के लिए सुगम आवागमन की राह में मुसीबत और दुश्वारियां बने ''पहाड़'' का रोड़ा अब हटाया जा रहा है। यहां पहाड़ को काटकर रास्ता बनाने का काफी काम हो गया है। गांव के लिए भविष्य मे विकास की रोशनी साबित होने वाली इस सड़क के बनने से ग्रामीणों की जिंदगी सहज और सुगम हो जाने की खुशी जनजातीय समुदाय के चेहरों में बिखरी मुस्कान से साफ दिखाई दे रही थी।

बडवारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने शनिवार को कलेक्टर अवि प्रसाद एवं जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत की मौजूदगी में इसी खुशी की सड़क के निर्माण कार्य का पैदल भ्रमण कर निरीक्षण किया।

विधायक ने अपने उद्बोधन मे कहा कि विकास तभी संभव होता है जब शासन एवं प्रशासन के साथ स्थानीय जनों का भी सकारात्मक सहयोग हो। ग्राम गौरी में निवासरत परिवारों की आवागमन की समस्याओं का जिक्र करते हुए विधायक श्री सिंह ने कहा कि रोड न होने से स्थानीय निवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पडता था। जिला प्रशासन के सहयोग से इतने कम समय में इस पहाडी क्षेत्र मे रोड निर्माण कार्य की जो सौगात शीध्र ही स्थानीय जनों को मिलनें वाली है वह काबिले तारीफ है। रोड निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से ग्राम के लोगों को आवगमन की अच्छी सुविधा मिल सकेगी।

गौरी गांव को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सड़क की सौगात मिलने का मार्ग बीते साल कलेक्टर के यहां हुए दौरे के बाद ही प्रशस्त हुआ था। कलेक्टर को भ्रमण के दौरान जब ग्रामीणों ने बताया कि सड़क नहीं होने के चलते बीमारों और गर्भवती महिलाओं को कपड़े की झोली बनाकर पहाड़ी के ऊबड़-खाबड़ रास्तों से नीचे लाना पड़ता है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की सड़क की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करने का भरोसा दिया था। ग्रामीणों की समस्या को दूर करने के लिए बेचैन कलेक्टर ने यहां सड़क बनाने के लिए जरुरी राशि के प्रबंध का रास्ता ढूंढ निकाला और जनप्रतिनिधियों से इस मामले मे संवाद कर जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से सड़क बनाने करीब 70लाख रूपए की राशि मंजूर किया था।



## श्रमिकों को दिया गया वित्तीय परामर्श, लाभ उठाने प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत सलैया और छितरिया हार में एलडीएम श्री किंडो की उपस्थिति में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया जाकर मनरेगा योजना के तहत निर्माण कार्य मे संलग्न लगभग 93 श्रमिकों को वित्तीय साक्षरता परामर्श दिया जाकर शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान श्रमिकों को शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया।

शिविर के दौरान ग्राम पंचायत सलैया में मनरेगा के तहत कंक्रीट रोड निर्माण में लगे 23 महिला एवं 18 पुरुष श्रमिकों को वित्तीय साक्षरता परामर्श दिया गया। जिसमें सरपंच एवम एलडीएम श्री किंडो सर विशेष रूप से उपस्थित रहे ।इस दौरान बचत करने , बीमा कराने, बैंक से ऋण लेकर खेती करने, स्वरोजगार स्थापित करने, आरएसईटीआई की ट्रेनिंग कर परिवार के खुशहाली के लिए आगे आने तथा शासन की बीपीएल योजना के तहत हितग्राही मूलक योजनाएं का लाभ उठाने, की सलाह दी गई। इस दौरान प्राप्त शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया। जबकि बडवारा के ग्राम छितरिया हार की सड़क घाट, डिग्री कालेज के पीछे मनरेगा के तहत नाला गहरीकरण काम में मजदूरी कर रहे 38 महिला 14 पुरुष श्रमिकों को वित्तीय साक्षरता सलाह दी गई। बैंक की जमा ऋण बीमा योजना, स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम, डिजिटल बैंकिंग, ऑनलाइन फ्रॉड, आदि की जानकारी दी गई। इस दौरान एलडीएम श्री किंडो ने बैंकों से अधिकाधिक योजनाएं का लाभ लेने की सलाह दी।

### खबर संक्षेप

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र के बायपास के पास शुक्रवार रात बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसके कारण बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल युवक को जबलपुर रेफर कर दिया गया है। सूचना पर पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के हरदुआ गांव निवासी शिवरतन पिता विशंभर सिंह 30 और सर्रा कटारिया गांव निवासी अनिल पिता विजय साहू 38 बाइक से किसी कार्य से कटनी आए थे। रात में वापस अपने घर जाने के दौरान बड़वारा बायपास के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसके कारण दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दो को बड़वारा सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से दोनो को जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। लेकिन शिवरतन सिंह की रास्ते में ही मौत हो गई। जबकि अनिल साहू की हालत गंभीर होने के कारण उसे जबलपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

## कलेक्ट्रेट में बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष स्थापित

**कटनी।** अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते ने आगामी मानसून एवं वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम, आपदा नियंत्रण कक्ष (बाढ राहत) क्रमांक 99 को 15 जून से 24बाय 7 संचालित करने के निर्देश दिये है। कंट्रोल रूम का नंबर 07622 220071 है। अपर कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार स्थापित आपदा नियंत्रण कक्ष क्रमांक-99 में अपर कलेक्टर (नोडल अधिकारी) एवं दिनेश कुमार विश्वकर्मा जिला प्रबंधक लोक सेवा प्रबंधन विभाग को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाकर इनके मार्गदर्शन में अवकाश दिवसों शनिवार एवं रविवार को तीन शिफ्ट मे 6 कर्मचारियों की आगामी आदेश पर्यन्त तक डयूटी लगाई जाकर निर्धारित दिवस व समय अनुसार डयूटी में उपस्थित रहने हेतु आदेशित किया गया है। आपदा नियंत्रण कक्ष में संलग्न कर्मचारियों को नियमित रूप से निर्धारित दिन एवं समय में डयूटी पर उपस्थित रहनें तथा ड्यूटी पर बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर संबंधित कि विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही करनें हेतु निर्देशित किया गया है। संबंधित कर्मचारियों को निर्धारित समयानुसार अगले पाली के दल को रजिस्टर पंजी एवं अन्य जानकारी से सूचित करने के बाद भी आपदा नियंत्रण कक्ष छोडनें, बाढ़ आपदा की समस्त जानकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा जिला प्रबंधक सहायक नोडल अधिकारी लोक सेवा प्रबंधन विभाग को सूचित करेंगे तथा समय-समय पर डीसीसीसी सुपरवाईजर को भी अवगत करानें हेतु निर्देशित किया गया है।

## जिले के चार परीक्षा केन्द्रों में 23 जून को

**कटनी।** मप्र लोकसेवा आयोग इन्दौर द्वारा संचालित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024 जिले के 4 परीक्षा केन्द्रों पर 23 जून को ओएमआर पद्धति से दो पालियों में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दोपहर 2.15 बजे से 4.15 बजे तक आयोजित होगी। कलेक्टर अवि प्रसाद ने परीक्षाओं के सफल और सुचारू संचालन के लिये 23 जून को परीक्षा समय के दौरान परीक्षा केंद्रों सहित जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय व जिला कोषालय कार्यालय में एवं गोपनीय सामग्री वितरण एवं जमा करें संबंधी आवश्यक कार्यवाही के दौरान विद्युत व्यवस्था निर्बाध रखने के निर्देश मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मंडल कटनी के अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री शहर एवं संभागीय यंत्री को दिये है। राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024 हेतु कटनी जिले सरस्वती श्री विष्णु वेद हायर सेकेंडरी स्कूल, सेक्रेड हार्ट इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल बस स्टेण्ड, सिलिकोबाइट कटनी डिग्री कॉलेज के.डी.सी, शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल माधव नगर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

### जल संरक्षण के लिए चलाये जा रहे अभियान का समापन आज

## घाटों एवं तालाबों का किया निरीक्षण, महापौर ने जल स्त्रोतों में की सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रदेश भर में 5 जून से 16 जून गंगा दशमी तक चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण एवं जीणोद्धार हेतु महापौर प्रीति संजीव सूरी एवं निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने आज दिनांक 15 जून दिन शनिवार को नगर निगम सीमांतर्गत विभिन्न घाटों एवं तालाबों का निरीक्षण किया जिसमें सर्वप्रथम मोहन घाट पहुंचकर घाट में जलकुम्भी सफाई, पिचिंग इत्यादी कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।इसके उपरांत कटाये घाट में चल रहे सफाई अभियान एवम कल दिनांक 16 जून गंगा दशमी में घाट में होने जा रहे गंगा आरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु स्थल निरीक्षण कर समुचित व्यवस्था किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

### जल संरक्षण में भागीदारी की अपील

निरीक्षण के अगले क्रम में महापौर,निगम अध्यक्ष एवं स्थानीय पार्षद के द्वारा विभिन्न जल स्त्रोतों का निरीक्षण किया गया,जिसमें अमीरगंज तालाब, एसीसी खदान नंबर 5,विवेकानंद वार्ड खेर माता मंदिर में स्थित जल स्त्रोत,वंशरूप वार्ड स्थित बावड़ी इत्यादि रहे।रामकृष्ण परमहंस वार्ड में स्थित छठ घाट में चल रहे गहरीकरण कार्य में महापौर, निगम अध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा श्रमदान कर जल संरक्षण संवर्धन अभियान अंतर्गत योगदान दिया गया। महापौर ने नगर वासियों से जन संरक्षण हेतु जन जागरूकता एवं अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है।

## जनप्रतिनिधियों ने पोषण किट का किया वितरण



सुपोषण अभियान के अंर्तगत शनिवार को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में शनिवार को बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, कलेक्टर अवि प्रसाद, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत तथा भा.ज.पा. जिला अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कुपोषित बच्चे ( सेम एवं मेम) को पोषण किट का वितरण किया गया। शिविर के दौरान गर्मी एवं धूप के कारण बच्चों के हित में सभी शिविर में 15-20 बच्चे अपने माता पिता के साथ उपस्थित हुए, शेष किट आंगनवाडी कार्यकर्ता को प्रदान कर कुपोषित बच्चों के पास पहुंचाया गया। पोषण किट में दलिया, मिक्स दाल, मूंगफली, चना, सत्तू, गुड, आंवला कैन्डी, हॉर्लिक्स प्रदाय किये गये जो काफी प्रोटीन युक्त है माह जनवरी 2024 में 1021 बच्चों को किट प्रदाय किया गया था। जो कुपोषण कम होने के कारण 557 बच्चों को दिया गया है। किट वितरण में पूर्व से ही विभिन्न सामाजिक संगठन एवं एन.जी.ओ एवं अधिकारी कर्मचारी सम्मिलित है।

## बकरीद त्योहार पर आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बकरीद के त्योहार पर मुख्य नमाज ईदगाह पर प्रातः 7 बजे से प्रारंभ होगी, इसके अतिरिक्त कटनी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत अन्य मस्जिदों में प्रातः 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक नमाज अदा की जावेगी। अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते द्वारा बकरीद त्योहार शांतिपूर्वक मनाएं जाने हेतु विभाग प्रमुखों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

बकरीद के त्योहार पर कटनी शहरी क्षेत्रान्तर्गत ईदगाह, जामा मस्जिद, नगीना मस्जिद, नूरी मस्जिद, अल्फर्ट गंज मस्जिद, मदरसा मस्जिद, एक मीनार मस्जिद, झर्रा टिकुरिया मस्जिद, खरैनी फाटक मस्जिद, आर्डीनेस फैक्ट्री मस्जिद, मंगल नगर मस्जिद, अमीरगंज मस्जिद, रोशन नगर मस्जिद, एन.के.जे. मस्जिद, आयशा करमज मस्जिद, अहमद मस्जिद आदि स्थानों में नमाज अदा की जायेगी।

इस अवसर पर जिले के सभी नमाज अदा करने वाले मस्जिद स्थलों के आस-पास साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सड़कों के गड्ढों की मरम्मत, ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव, पेयजल व्यवस्था हेतु पर्याप्त टैंकर रखने सहित कब्रिस्तान की साफ-सफाई, चूना लाईन, प्रकाश एवं पानी इत्यादि के लिए व्यवस्था का दायित्व स्थानीय निकाय को सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त अन्य आवश्यक व्यवस्था पर्याप्त पुलिस बल, एम्बुलेंस, स्वास्थ्य चिकित्सक की ड्यूटी लगाने का दायित्व पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन को सौंपा गया है। जबकि बकरीद पर्व के मद्देनजर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराने का दायित्व अधीक्षण यंत्री मध्य प्रदेश राज्य विद्युत मंडल को सौंपा गया है।

इसी तरह मस्जिद के मार्ग में बैठे हुए आवारा जानवरों को हटाने हेतु नगर निगम एवं स्थानीय प्रशासन उचित व्यवस्था एवं कार्यवाही सुनिश्चित कराने का दायित्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी, आयुक्त नगर निगम तथा पुलिस विभाग को सौंपा गया है।

### कलेक्टर की अभिनव पहल

## क्विज प्रतियोगिता से देश भर के लोगों को मिल रही कटनी के पर्यटन स्थलों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद की विशेष पहल और प्रयासों से 10 जून से एक बार फिर प्रारंभ की गई कटनी को जानों क्विज क्विज प्रतियोगिता के माध्यू से समूचा देश हमारी कटनी के पर्यटन महत्व के स्थलों सहित गौरवमयी इतिहास, समृद्धशाली सांस्कृतिक, साहित्यिक और भौगोलिक विरासत सहित कई विशेषताओं से एक बार पुनः परिचित हो रहा है। जिला प्रशासन कटनी द्वारा प्रारंभ की गई ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से कटनी जिले के पर्यटन महत्व के प्राकृतिक स्थलों को और भी बेहतर और नए सिरे से परिचित कराया जा रहा है।

कटनी को जानो ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के संबंध में कलेक्टर अवि प्रसाद ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य कटनी जिले के गौरवपूर्ण इतिहास, विशेषताओं और विशेषकर कटनी के महत्वपूर्ण पर्यटन और प्राकृतिक स्थलों समूचे देश के आम जनमानस और नई पीढ़ी को परिचित कराना है। सोमवार 10 जून से प्रारंभ हुई इस ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के एक सप्ताह पूर्ण होने जा रहे है।

### भौगोलिक केन्द्र बिंदु करौंदी, बिलहरी, रूपनाथ धाम सहित विगढ किला से रूबरू हुए नागरिक

सोमवार को आयोजित क्विज प्रतियोगिता में भौगोलिक केन्द्र बिंदु करौंदी के संबंध मे प्रश्न पूछे गए थे जबकि 11 जून की प्रतियोगिता कटनी की ऐतिहासिक पुष्पावती नगरी बिलहरी के पुरावैभव और विरासत पर पर केन्द्रित थी। बुधवार की प्रतियोगिता बहोरीबंद तहसील के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल रूपनाथ धाम की रोचक जानकारियों से अवगत कराया गया। इसी प्रकार गुरूवार को विजयराघवगढ़ के ऐतिहासिक किले पर तथा शक्रवार को मां कंकाली दवी मंदिर तगवां एवं श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र बहोरीबंद पर आधारित है जिसका जवाब सोमवार रात्रि 12 बजे तक दिया जा सकता है।

### क्विज रोजाना आयोजित

यह प्रतियोगिता शनिवार, रविवार एवं शासकीय अवकाश को छोड़कर शेष सभी दिवस प्रतिदिन आयोजित की जाएगी।

### आकर्षक पुरस्कार राशि

प्रतिदिन प्रस्तुत सही जवाब के आधार पर रेंडमली विजेताओं का चयन किया जाएगा। जिसमें प्रथम स्थान में आने वाले प्रतिभागी के लिए 2000 रूपए, द्वितीय, तृतीय स्थान अर्जित करने वाले प्रतिभागी को क्रमशः 1500 एवं 1000 सहित पांच-पांच सौ रुपए के दो सांत्वना पुरुस्कार राशि निर्धारित की गई है।

### प्रतियोगिता बच्चों और युवाओं के लिए लाभकारी

उल्लेखनीय है कि कटनी को जानो प्रतियोगिता बच्चों और युवाओं के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगी। इस प्रतियोगिता के माध्यम से नई और युवा पीढ़ी कटनी के कई अनछुए पहलुओं की जानकारी हासिल कर सकेंगे।

### सर्पदंश पर झाड़-फूक नही इलाज कराने की डाक्टरों ने दी सलाह

## खितौली मे एंटी स्नेक बाइट जागरूकता कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



सर्पदंश और जहरीले कीडे की काटने के घटनाओं के प्रति शिक्षा और जागरूकता के प्रसार हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद की पहल पर खितौली में एंटी स्नेक बाईट जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे एस.डी.एम महेश मंडलोई, सीएमएचओ, सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा और विशेषज्ञ चिकित्क डॉ बी.के.सिंह दिखित सहित बड़ी संख्या मे स्थानीय ग्रामीणजन मौजूद रहे।

इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ बी.के.सिंह दिखित ने ग्रामीणों को समझाइश दी कि इन दिनों तेज गर्मियों की वजह से सर्पदंश और जहरीले कीड़े के काटने की घटनायें अधिक हो रही है। इनके काटने पर तत्काल नजदीकी अस्पताल मे पीड़ति को पहुंचायें। झाड़-फूक का सहारा न लें। अस्पताल ले जाने पर और समय पर एंटी वेनम इंजेक्शन लगने से सर्पदंश पीडित की जान बचाई जा सकती है।

कलेक्टर अवि प्रसाद ने वर्तमान मे तेज गर्मी और इसके बाद बारिश शुरू होते ही ग्रामीण क्षेत्रों मे सर्पदंश की अधिक होने वाली घटनाओं के मद्देनजर सावधानी बतौर नागरिकों से अपील की है कि सर्पदंश या जहरीले कीड़े के काटने की घटना होने पर झाड-फूक से मरीज को ढीक कराने के चक्कर मे नहीं पड़ें, बल्कि मरीज को उपचार के लिए तत्काल निकटतम अस्पताल पहुंचाने का प्रयास करने का लोगों से आग्रह किया है। कलेक्टर ने कहा है कि सांप के काटने पर झाड - फूक से नहीं बल्कि एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन से ही मरीज की जान बचाई जा सकती है। जिले के जिला चिकित्सालय सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों मे एंटी स्नैक वेनम इंजेक्शन पर्याप्त संख्या मे उपलब्ध है । इसलिए सर्पदंश पीड़ित को यदि समय पर उपचार मिल जाये तो उसकी जान बचाई जा सकती है। डॉक्टर्स का कहना है कि सांप अगर काट ले तो बिल्कुल भी देर नहीं करे और ना घबरायें। कोशिश करें कि जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचे। सांप कांटने वाली जगह पर किसी भी तरह की छेड़छाड़ न करें। उस जगह को कपडे से भी न बांधे और न ही सांप के जहर को मुंह से बाहर निकालें।

काटने वाले सभी सांप विषैले नहीं होते है। इसलिए सर्पदंश पीड़ति को घबराना नहीं चाहिए। सामान्यतः जहरीले सांपों के काटने पर दांतों के दो निशान अलग ही दिखाई देते है। जबकि गैर विषैले सांप के काटने पर दो से ज्यादा निशान हो सकते है। परंतु ये निशान दिखाई नहीं देते है। इसलिए सांप के काटने पर निशान नहीं दिखाई देने पर यह सोचना गलत होगा कि सांप ने नहीं काटा है। सांप के काटने पर करीब- करीब 95 प्रतिशत मामलों मे पहला लक्षण नींद का आना है। इसके साथ ही निगलने या सांस लेने मे तकलीफ होती है।

## बैला के कब्जे से 317 पाव शराब जब्त कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

माधवनगर पुलिस ने एक आदतन अपराधी के पास से बड़ी मात्रा में देशी शराब जब्त की है। थाना प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आकाश उर्फ बैला बजाज निवासी राबर्ट लाइन ने अपने कमरे में भारी मात्रा में अवैध शराब बिक्री के लिए रखे हुए है। टीम गठित कर मुखबिर के बताए स्थान पर छापामारी कर आरोपी के कमरे की तलाशी ली तो पता चला कि आरोपी ने दो बोरियों में अलग अलग कुल 317 पाव देशी प्लेन शराब बिक्री के लिए रखे हुए था। कुल मात्रा 57.060 लीटर कीमती करीब 31,700/- रुपये का होना बताया, उक्त भारी मात्रा में शराब रखने का कारण, वैध दस्तावेज मांगा, जो अवैध रूप विक्रय करने के उद्देश्य से रखना बताया। आरोपी आकाश उर्फ बैला बजाज का कृत्य धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत दंडनीय होने से आरोपी के कब्जे से अवैध शराब को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया तथा जिला जेल कटनी में भेज दिया गया है । आकाश उर्फ बैला बजाज पूर्व मे जिला बदर का आरोपी है। आरोपी लगातार अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त है। उक्त आरोपी के विरुद्ध थाना माधवनगर में चोरी, लड़ाई झगड़ा, जुआ खेलना,छेड़छाड़, अवैध हथियार रखने संबंधी कुल 35 अपराध पंजीबद्ध है।

कार्यवाही में अनूप सिंह निरीक्षक थाना प्रभारी माधवनगर, उप निरी. विष्णु शंकर जायसवाल, प्र.आर. कमलेश बैरागी, आरक्षक भानू प्रकाश की अहम भूमिका रही।

## खबर संक्षेप



### नवीन शिक्षण सत्र की तैयारी को लेकर बैठक

**सिलौड़ी।** जन शिक्षा केंद्र सिलौंडी के अंतर्गत समस्त शाला प्रभारी की बैठक आहूत की गई जिसमें जे एस के प्रभारी योगेश सिंह जन शिक्षक संतोष कुमार बर्मन एवं जन शिक्षा केंद्र के समस्त शाला प्रभारी बैठक में सम्मिलित हुए एवं नवीन शिक्षण सत्र प्रारंभ करने की योजना FLN की गतिविधि कैसे किया जाए इस विषय में मंथन किया गया और आगामी सत्र को विधिवत संचालित करने की दिशा में अपने विचार व्यक्त करते हुए बैठक का आयोजन किया गया।

### अपहृत बालिका को महाराष्ट्र से किया दस्तयाब

**कटनी।** माधवनगर पुलिस ने अपहृत बालिका को महाराष्ट्र से दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। थाना प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि एसपी अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन एवं एडि एसपी डॉ. संतोष डेहरिया व सीएसपी श्रीमति ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में अपहृत बालक/बालिकाओ एवं महिला/पुरूषों की पतासाजी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 12.06.24 को मुम्बई से एक अपहत युवती को दस्त्याब कर कानूनी प्रक्रियाओं के पश्चात उनके परिवार को सुरक्षित सुपुर्द किया है। घटना दिनांक 09.05.24 को उक्त बालिका जो घर में बिना बताये बाहर चली गई थी जिसे समय काफ़ी तलाश की गई थी किन्तु दस्तयाब नहीं हो पा रही थी किन्तु लगातार प्रयास करते हुए महाराष्ट्र मुम्बई से खोजबीन दस्तयाब किया है। कार्यवाही में श्रीमति रश्मि सोनकर उप निरीक्षक महिला थाना प्रभारी, सउनि शशिभूषण सिंह, प्रधान आरक्षक देवेश, आरक्षक सुभाष, सुरेश कोरी, प्रधान आरक्षक प्रशान्त विश्वकर्मा साइबर सेल कटनी की अहम भूमिका रही है।

### अलोनी नदी में जनसहयोग से चला श्रमदान अभियान

**कटनी।** राज्य शासन द्वारा जल स्त्रोतों के संरक्षण, संवर्धन, व पुनर्जीवन के लिए चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिला कटनी में कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन में विकासखंड कटनी के सेक्टर क्रमांक 1 मझगवां फाटक के ग्राम सुमेली में स्थानीय अलोनी नदी पर नवांकुर संस्था दृष्टि मानव विकास समिति देव डोंगरा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सुमेली एवं ग्राम पंचायत के समन्वय से ग्राम वासियों की उपस्थिति में नदी गहरीकरण हेतु श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले में जनसहयोग से पानी के एक बूंद बढ़ाने का यह प्रयास 16 जून तक निरंतर चलाया जाना है। इसी श्रृंखला में गांव-गांव में स्थानीय जल स्त्रोतों नदी, तालाबों, कुआं, बावडी नालों आदि के पुनर्जीवन के लिए श्रमदान के माध्यम से सघन प्रयास किये जा रहे हैं।

### स्वयंसेवी व समाज सेवकों ने श्रमदान कर की तालाब की सफाई

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले में आयोजित हो रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम जमुनिया मे हनुमान जी के पास स्थित तालाब की सफाई व घाट का गहरीकरण कार्य का सभी के सहयोग से किया गया। जिसमे नवांकुर संस्था के सेक्टर प्रभारी राकेश गर्ग व परामर्शदाता शरद यादव द्वारा जल संरक्षण और बरसात के पानी को धरती में पुनः पहुंचाने के उद्देश्य से ग्रामीणों को बरसात के पानी का महत्व बताते हुए ग्रामीणों को जल संरक्षण के बारे में जागरूक किया गया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की इकाई नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कुदरी व ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति जमुनिया के सदस्यों व स्वयंसेवियों के साथ ग्राम पंचायत के सदस्यों द्वारा उक्त अभियान आयोजित किया गया । इस दौरान ग्राम पंचायत जमुनिया के सरपंच, सचिव ग्राम रोजगार सहायक सत्यनारायण दुबे, रवि विश्वकर्मा, मुन्ना, भोला मौजूद थे।

## विधायक, महापौर एवं कलेक्टर की अध्यक्षता में निगरानी समिति की हुई बैठक

# जल उपलब्धता बढ़ाने 53 करोड़ रूपए से होगा 31 किमी पाइप लाइन विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



अमृत 2.0 योजना अंतर्गत जिले की जलप्रदाय योजना के तहत नगर निगम कटनी, नगर पालिका परिषद कैमोर, विजयराघवगढ़ एवं बरही में किये जा रहे कार्यों एवं डीपीआर अनुमोदन हेतु विधायक मुड़वारा संदीप श्रीप्रसाद जायसवाल एवं महापौर श्रीमती प्रीति सूरी की उपस्थिति तथा कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में जिलास्तरीय समीक्षा एवं निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान नगरनिगमं आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल सहित अन्य नगरीय निकायों के संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही।

बैठक में अमृत 2.0 योजनान्तर्गत कटनी शहर की जलप्रदाय योजना की डीपीआर का प्रस्तुतीकरण संबंधित अधिकारियों द्वारा किया जाकर योजना के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए अवगत कराया गया कि पूर्व में शासन द्वारा स्टेट वाटर एक्शन प्लान में स्वीकृत राशि 50 करोड़ रूपये के अनुसार डीपीआर तैयार की गई थी। जिसमें एनीकट निर्माण कार्य को सम्मिलित किये जाने पर लगभग 31 किलोमीटर का पाइपलाइन विस्तार का कार्य कम करना पड़ रहा था। प्राप्त निर्देशानुसार कटनी शहर की पेयजल आपूर्ति हेतु रॉ वाटर की उपलब्धता बढ़ाने को दृष्टिगत रखते हुए पूर्व में तैयार की गई 50 करोड़ रूपये की डीपीआर में नवीन एनीकट निर्माण कार्य के साथ -साथ कम हो रही पाइपलाइन को भी सम्मिलित करते हुए दोनों विकल्पों को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

प्रस्तुत दोनों विकल्पों पर विस्तार पूर्वक चर्चा उपरांत समिति द्वारा कार्य की आवश्यकता को देखते हुए शासन से पूर्व से स्टेट वाटर एक्शन प्लान में स्वीकृत राशि रु 50 करोड़ से अतिरिक्त राशि 3.19 करोड़ रूपये को भी सम्मिलित किये जाने की स्थिति में प्रथमतः राशि 53.19 करोड़ की डीपीआर का अनुमोदन किया गया। समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि यदि शासन द्वारा स्टेट वाटर एक्शन प्लान में स्वीकृत राशि 50 करोड़ रूपये से अतिरिक्त राशि 3.19 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान नही की जाती है तो उस स्थिति में जल की उपलब्धता बढ़ाने को प्राथमिकता देते हुए पूर्व में प्रस्तुत की गई डीपीआर अनुसार अर्थात एनीकट निर्माण कार्य को सम्मिलित करने पर 31 किलोमीटर पाइपलाइन विस्तार कम करते हुए राशि 50 करोड़ की डीपीआर का अनुमोदन किये जाने की अनुशंसा सर्वसम्मति से की गई।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिले में अमृत एवं अमृत 2.0 योजना अंतर्गत नगर निगम कटनी, नगर पालिका परिषद कैमोर, विजयराघवगढ़ एवं बरही में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई एवं कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किये जाने के सख्त निर्देश कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा दिये गए।



# पशुधन से आजीविका उन्नयन में मिलेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

स्वसहायता समूह सदस्यों के आजीविका उन्नयन के लिए ग्रामपंचायत उमरियापान स्थित शासकीय गौशाला में खंड स्तरीय पशुधन क्रय मेले का आयोजन किया गया। जिसमें उमरियापान सहित आसपास गाँव के स्वसहायता समूह के सदस्यों ने भाग लिया। इसका शुभारंभ बडवारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, कलेक्टर अवि प्रसाद ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विधायक ने पशुधन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसमें सहभागिता की अपील की। साथ ही पशु क्रय करने वाले सदस्य पालकों को पशु स्वास्थ्य किट प्रदान किए जाने के भी निर्देश दिए।

कार्यक्रम में जिपं सीईओ शिशिर गेमावत ने बताया कि 52 स्वसहायता समूह के सदस्यों को 279 नग पशुधन क्रय करने मेले लगाए जाएँगे। इससे सदस्यों को आजीविका उन्नयन में मदद मिलेगी। इस अवसर पर सरपंच अटल ब्यौहार, उपसरपंच जागेश्वर सोनी, राजा चौरसिया, राजेश ब्यौहार, विजय दुबे, बसंत चौरसिया, गोविंद सिंह, प्रशांत राय, विजय गुप्ता, जितेंद्र अरोरा, शैलेंद्र पौराणिक, प्रदीप चौरसिया, प्रमोद असाटी, शुशांक चौरसिया, योगेंद्र सिंह, संदीप सोनी, सचिव सतीश गौतम, जीआरएस अतुल चौरसिया सहित अधिकारी, कर्मचारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

*महिला एवं बाल विकास एवं मानव जीवन विकास समिति के तत्वाधान में किया गया वितरण*

# 135 कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने विशेष पोषण किट का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



शनिवार को ग्राम पंचायत भवन बड़वारा के सभागार में महिला बाल विकास विभाग बड़वारा एवं मानव जीवन विकास समिति बिजोरी के संयुक्त जन सहयोग से सुपोषण अभियान अंतर्गत 135 कुपोषित बच्चो को सुपोषित करने हेतु विशेष पोषण किट प्रदाय की गई सुपोषित किट में प्रोटीन, विटामिन ,कार्बोहाइड्रेट एवं अन्य पौष्टिक तत्वों से युक्त पौष्टिक आहार जैसे गुढ़, चना ,मूंगफली ,मूंग दाल ,दलिया, हॉर्लिक्स ,बिस्कुट ,चना ,सोया बड़ी ,पौष्टिक सत्तू ,आंवला कैंडी इत्यादि बच्चों को प्रदाय किए गए। जिनका सेवन करके बच्चों को सुपोषित करने में सहायता मिलेगी कार्यक्रम में महिला बाल विकास अधिकारी इंद्र कुमार साहू द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं बच्चों एवं महिलाओं को सुपोषित करने हेतु विभिन्न प्रकार की सलाह एवं जानकारी दी गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा कुपोषित बच्चों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों को विभिन्न प्रकार के सहयोग देने का आश्वासन दिया गया एवं बच्चों तथा माताओं को पोषण किट वितरित की गई बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा बड़वारा ब्लॉक के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण तीव्र गति से करने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में बड़वारा विकासखंड की लगभग 270 आंगनबाड़ी केंद्रों की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं कुपोषित बच्चे एवं उनकी माताएं जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुधा जायसवाल जनपद उपाध्यक्ष राम सुरेश दुबे, बड़वारा ग्राम की सरपंच श्रीमती सुनैना बाई तेकाम, उप सरपंच अनुराग गुप्ता भाजपा सहकारिता मोर्चा के महेंद्र जायसवाल , हर्ष द्विवेदी मानव विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह श्रीमती सुशीला महिला एवं बाल विकास समिति की अध्यक्ष इंद्रावती पटेल महिला बाल विकास अधिकारी इंद्र कुमार साहू विकासखंड चिकित्सा मानव विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह एवं उनके समस्त कार्यकर्ता विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल झामनानी सामाजिक कार्यकर्ता राजेश चौधरी उर्फ लंगर, पत्रकार हरिभूमि अरुण निगम, नई दुनिया के रवि कचेर, ग्राम पंचायत सचिव रणजीत सिंह सेक्टर पर्यवेक्षक रोशनी गुप्ता, केशव मिश्रा, ओमकार सिंह मौजूद रहे।

## गंगा दशहरा पर कटाएघाट में होगा आयोजन



जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतिम चरण में आज 16 जून रविवार को गंगा दशहरा के पावन अवसर पर कटनी शहर की जीवनदायिनी कही जाने वाली कटनी नदी के प्रसिद्ध कटाएघाट में सायं 5 बजे से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा वृहद गंगा आरती,सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। महापौर प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा नागरिकों से उक्त कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# गैंगरेप के दो आरोपितों को जीआरपी ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



गैंगरेप के दो आरोपितों को जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने सीधी जिले की एक नाबालिग को रेल्वे स्टेशन सतना के बाहर से नाबालिक बालिका को मोटर साईकिल से ले जाया गया था। रास्ते में अपने साथी को बुलाकर शहर में बालिका को घुमाने के पश्चात घटना को अंजान दिया गया। सामूहिक दुराचार के इस सनसनी खेज मामले में जीआरपी पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल कर ली है। घटनाक्रम की जांच करते हुए जीआरपी पुलिस द्वारा शहर के पेट्रोल पम्पो एवं शहर सतना में विभिन्न जगह लगे सीसीटीव्ही कैमरो एवं शराब दुकान में लगे कैमरो को चेंक किया गया। जांच में यह बात सामने आई की पीडिता दो युवको के साथ मोटर साईकिल मे बैठी देखी गई। आरोपी रामागोविन्द कुशवाहा एवं दीपक रजक के रुप में चिंहित हुयें। जिनकी तलाश संभावित स्थानो पर की गई। आरोपीयों को गत 14 जून 2024 को पकडा गया। पूछताछ के दौरान घटना में प्रयुक्त दो मोटर साईकिल जप्त की गई। पकड़े गए आरोपित रामागोविन्द कुशवाहा के कब्जे से 1 मोटर साईकिल एवं दीपक रजक के कब्जे से मोटर साईकिल जप्त किया गया हैं।

कार्यवाही में उप पुलिस अधीक्षक रेल सुश्री सारिका पाण्डेय के नेतृत्व में निरीक्षक अरुणा बाहने, एवं चौकी प्रभारी जीआरपी सतना उनि राजेश राज एवं उनि एल.पी. कश्यप, सउनि आर.एस. शुक्ला, प्रआर. अशोक तिवारी प्रआर. दयाचंद तिवारी, आर. प्रशान्त यादव, अंकित यादव, अरुण, कमलेश, धर्मेन्द्र गुप्ता, अमित, धर्मेन्द्र राजडर, अनुज कुमार, म. आर. खुशबू सिंह, प्रिया सिंह, सुमन, एवं सायबर सेल जबलपुर प्रआर, सागर उपाध्याय, रवि मांझी, एवं जीआरपी स्टाफ की भूमिका रही।

*मिलीभगत से आबाद है शराब का अवैध कारोबार*

# शराब दुकान हटवाने महिलाओं ने बड़वारा विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



गांव गांव में शराब की अवैध विक्री शराब ठेकेदार व शराब मैनेजर के द्वारा करवाये जाने से न केवल लोगों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है अपितु समाज का माहौल दूषित हो रहा है। वहीं महिलाओं के आत्म सम्मान पर भी खराब असर हो रहा है। प्रशासन की अनदेखी से क्षेत्र में गांव गांव अबैध शराब विक्री शराब ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है और इनके ऊपर किसी भी प्रकार की कार्रवाई आबकारी विभाग के अधिकारियों के द्वारा नही की जाती है जिससे कयास लगाये जा रहे हैं कि अवैध कारोबारियों मूक सहमति प्रदान की गई है।

बड़वारा तहसील के ही ग्राम जगतपुर उमरिया में शराब दुकान संचालित होने से आक्रोशित महिलाओं ने बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के समक्ष ज्ञापन सौंपकर अपनी मांग रखते हुए बताया कि ग्राम जगतपुर उमरिया जो कि आदर्श ग्राम के रूप में जाना जाता है इसी ग्राम के समीप ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर शराब की दुकान खोली गई है जिसके कारण ग्राम का माहौल खराब हो रहा है। महिलाओं को शासन के द्वारा लाडली बहना के नाम पर जो प्रोत्साहन राशि दी जाती है उस राशि को उनके पति शराब दुकान में जाकर शराब खरीद कर बर्बाद कर रहे हैं। पति को शराब खरीदने व पीने से मना करने पर घर मे कलह व बिबाद की स्थिति आये दिन बनती है। ग्राम जगतपुर उमरिया की महिलाओं ने विधायक सिंह को ज्ञापन सौंप कर ग्राम से शराब दुकान अन्यत्र स्थानांतरित किये जाने की मांग की है। महिलाओं ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि जगतपुर उमरिया के राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप सन्चालित शराब दुकान नही हटाई जाएगी तो आगामी दिनों में हम सभी महिलाएं आंदोलन प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर ने ज्ञापन सौंपने वाली महिलाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि चार दिन में शराब दुकान हटवाने की कारवाई करवाएंगे आप सभी विश्वास रखिये आपको निराश नही होने देंगे।

ज्ञापन सौंपने के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता काशी बाई विश्वकर्मा, मीरा विश्वकर्मा, फुलझरिया बाई, भनीना सिंह, रेखा, संतोषी सिंह, द्रोपती रजक, सत्तो बाई कोल, रजनी कोरी सहित अनेकों महिलाएं सम्मलित थीं। ।

## कृषि कार्य में मिश्रित उर्वरक के प्रयोग को दे बढ़ावा

# कलेक्टर ने दिए निर्देश, श्री अन्न की खेती को बढ़ावा देने बनाए योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में कृषि, सहकारिता, कृषि अभियांत्रिकीय के अधिकारियों व कर्मचारियों एवं कृषक उत्पादक संगठन कस्टम हॉयरिंग सेंटर के प्रतिनिधियों की संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान विगत माह कृषि उत्पादन आयुक्त की आयोजित बैठक में दिये गये निर्देशों के परिपालन में कार्यनीति के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यशाला में कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा निर्देश दिये गये कि डीएपी का उपयोग कम करने एवं मिश्रित उर्वरक के प्रयोग में वृद्धि एवं महत्व को किसानों को बताया जाये। श्री अन्न के रकवे में वृद्धि हेतु प्रचार-प्रसार करें। स्वाइल हैल्थ कार्ड की अनुशंसा अनुसार उर्वरकों का प्रयोग को बढायें, बायोफोर्टिफाईड गेहू की खेती के प्रति प्रोत्त्साहित करें, सूक्ष्म पोषक तत्वों के उपयोग और तरल जैविक उर्वरक एनपीके का फसल उत्पादन में वृद्धि हेतु सहित इसके साथ ही माइक्रो इरीग्रेशन को बढावा, नैनो उर्वरक के प्रयोग को बढावा देना, मौसम ऐप का प्रचार-प्रसार, जीरो टिलेज को बढावा देने हेतु हैप्पी सीडर का महत्व बताना एवं नरवाई जलाने के हानिकारक प्रभाव का प्रचार-प्रसार, अग्रणी कृषकों का फसल बीमा करने हेतु प्रेरित करने सहित बायोगैस का महत्व, प्राकृतिक जैविक खेती के लिये कृषको को प्रेरित करने और एफ.पीओ के गठन एवं संवर्धन आदि विषय में आवश्यक कार्यवाही हेतु कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

कृषि अभियांत्रिकीय विभाग के विजय मौर्या सहायक संचालक कृषि अभियांत्रिकीय द्वारा कृषि में उपयोग होने वाले विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्रों एवं बुवाई मशीनों का प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई जिसमें प्रमुख रूप से नरवाई प्रबंधन के उद्देश्य से हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, एवं जिरो टिलेज कम फर्टीसीड्रिल से हाने वाले लाभ एवं इन कृषि यंत्रों पर मिलने वाले अनुदान के विषय में जानकारी दी गई। श्री मौर्या ने बताया कि हैप्पी सीडर का प्रयोग कर कृषक कर कृषक फसल कटाई के तुरंत बाद बिना अतिरिक्त खेत की तैयारी के सीधे बुवाई कर सकते है। जिससे कृषको की लागत में कमी के साथ-साथ पराली न जलाने से मिट्टी में कार्बनिक पदार्थों की मात्रा बढती है एवं इससे वातावरण को भी नुकसान नही होता है। इफको के प्रबंधक राजेश मिश्रा के द्वारा नैनों उर्वरकों के प्रयोग के बारें में जानकारी दी गई एवं जिले के कृषकों की मक्का एवं मूंग फसल पर डाले गये नैनों उर्वरकों से हुये लाभ के बारें में बताया गया।

जिसमें देखा गया कि जिन कृषकों के द्वारा नैनो डी.ए.पी प्रयोग किया गया है उन फसलो का अधिक अंकुरण, तना मोटा एवं अधिक फुटान एवं अधिक फसल बढ़वार होती है। नैनो डी.ए.पी प्रयोग सभी फसलों में बीज उपचार एवं फसल पर सीधे छिडकांव के माध्यम से किया जाता है। उपसंचालक कृषि मनीष कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि कृषको को डी.ए.पी एवं यूरिया पर अपनी निर्भरता कम करते हुये मिश्रित उर्वरकों जैसे- 20-20-0-13, 12-32-16, 10-26-26 आदि एवं सूक्ष्म उर्वकों के प्रयोग को कृषको के द्वारा अपनाया जाना चाहिये जिससे मृदा में सभी पोषक तत्वों की पूर्ति होगी। एनपीके की उपलब्धता को बढ़ाने के लिये तरल जैविक एनपीके कन्सोर्टिया का प्रयोग बीज उपचार या मृदा में सीधे प्रयोग के माध्यम से किया जाना चाहिए। मौसम ऐप के बारे में अधिक से अधिक कृषको को जानकारी देने को कहा गया जिससे वह मौसम की परिस्थिति अनुसान अपनी कृषि कार्य योजना बना सके। जेफार्म सर्विस के प्रतिनिधी के द्वारा बताया गया कि संस्था द्वारा जेफार्म सर्विस -लाईट एप बनाया गया है। जिसके द्वारा कृषक किराये पर कृषि यंत्र प्राप्त कर कृषि कार्य कर सकतें है इनके टोल फ्री नं.18002084242 पर भी जानकारी प्राप्त कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा ईफको द्वारा प्रदाय ड्रोन का अवलोकन किया गया इस ड्रोन के माध्यम से आठ मिनिट में एक एकड़ क्षेत्र में दवा, नैनों उर्वरक आदि का स्प्रे किया जा सकता है। बैठक में राजवर्धन कुरीली सहायक आयुक्त सहकारिता, अमित तिवारी जिला विपणन अधिकारी, राजेश जैन नोडल जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी, सुश्री रजनी चौहान परियोजना संचालक आत्मा, विकास जैन, एवं कृषि एवं सहकारिता विभाग का मैदानी अमला उपस्थित रहे।



# कार्यवाही की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आचार्य प्रमोद कृष्णम द्वारा आयोध्या चुनाव को लेकर रजक (धोबी) समाज पर की गई टिप्पणी को अभद्र बताते हुए रजक समाज ने राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी कटनी एवं पुलिस अधीक्षक कटनी को ज्ञापन सौपकर कार्यवाई की मांग की है। रजक समाज जन जागृति विकास समिति कटनी अध्यक्ष श्यामलाल रजक ने बताया कि 4 जून को लोकसभा चुनाव के परिणाम घोषित हुए, जिसमें आयोध्या सीट से भाजपा के प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा। इसी संदर्भ में इंटरनेट मीडिया पर अहंकारी भाजपा नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने समाज के विरूद्ध टिप्पणी की। समिति पदाधिकारियों रामाधार रजक, प्रेमलाल रजक, भारत रजक, संदीप रजक ने कहा कि हमारी समाज देश के कई प्रदेशों में दलित (अनुसूचित जाति) समुदाय में आती है। धोबी समाज को जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने वाले आचार्य प्रमोद कृष्णम के खिलाफ कानूनी कार्यवाई होनी चाहिये। समिति सदस्य सुमन रजक, ममता रजक, रोशनी रजक, रेखा रजक, रामवती रजक, गीता रजक, स्वाती रजक, मौजीलाल रजक, हेतराम रजक, राजकुमार रजक, अजय रजक, आदि ने आचार्य प्रमोद कृष्णम पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### बाल श्रम निषेध दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

**पन्ना।** श्रम विभाग द्वारा बुधवार को विश्व बाल श्रम दिवस पर जनजागरूकता रैली निकाली गई। समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली अजयगढ़ चौराहा से आरंभ होकर बड़ा बाजार होते हुए नगर पालिका परिषद पन्ना कार्यालय पर समाप्त हुई। इसके माध्यम से बाल एवं बंधक श्रम प्रथा के विरूद्ध संस्थानों एवं नियोजकों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर श्रम पदाधिकारी संजय आर्य, श्रम निरीक्षक वेदमणि दाहिया एवं भूपेन्द्र बंजारे सहित राघवेन्द्र त्रिपाठी, रामनिवास खरे, मैयादीन चौधरी भी उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री लखपति दीदी योजना का प्रशिक्षण

**पवई।** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत लखपति दीदी योजना प्रारम्भ की गयी है। योजना के क्रियान्वयन के लिये मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत पन्ना के निर्देशानुसार और जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय थिमेटिक सेल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र पवई मे आयोजित किया गया। उपरोक्त प्रशिक्षण का उद्देश्य स्व सहायता समूह से जुडी ग्रामीण महिलाओ को बैंको से ऋण उपलब्ध कराते हुए दो से अधिक गतिविधिया संचालित कराकर एवं समय समय पर प्रशिक्षण के माध्यम से आजीविका सुदृढ़ किया जाना है।

### अंधेरी का फायदा उठाकर वन माफिया भागे

# सागौन का अवैध परिवहन करते बिना नंबर की स्कार्पियों वन विभाग ने पकड़ी






हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

उपवन मंडल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वन परीक्षेत्र झलोन सर्किल में बेसकीमती सागौन की तस्करी करते हुए वनअमले ने गुरुवार की सुबह 4 बजे एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है वन अमले ने एक बिना नंबर की स्कॉर्पियो वाहन को जप्त किया है जिसमें सागौन का अवैध परिवहन किया जा रहा था वही मामले में एक तथ्य सामने आया है कि हमेशा यह सागौन की गाड़ियां तस्करी करते डुकरसता बीट में ही पकड़ी जाती हैं

#### चौकीदार से मिली थी सूचना

प्राप्त जानकारी के अनुसार झलीन सर्किल के डिप्टी रेंजर राकेश दुबे को चौकीदार द्वारा रात्रि 3:15 बजे मोबाइल से सूचना प्राप्त हुई कि डुकरसता वीट के कंपार्टमेंट 156 में वन माफियाओं द्वारा सागौन सिल्लिया एक चार पहिया में रखी जा रही हैं इसके बाद सर्किल अधिकारी द्वारा तत्काल इसकी सूचना वन परीक्षेत्र अधिकारी को दी गई जिनके निर्देशन में एक टीम तैयार की गई और डुकरसता बीट की ओर रवाना हुए, लेकिन डुकरसता पहले ही रास्ते में हम लोगों ने देखा कि एक वाहन चला आ है उन्होंने भी हमारे वाहन की लाइट देखी तो अवैध सागौन परिवहन करने वाले ड्राइवर ने तत्काल अपना वाहन खड़ा कर जंगल में दौड़ लगा दी हम लोगों ने आरोपी का कुछ दूर तक पीछा किया लेकिन सागौन की चोरी करने वाले आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। इसके बाद हम लोगों ने अवैध परिवहन करने वाले वाहन के पास जाकर देखा तो एक बिना नंबर की स्कॉर्पियो में तीन भारी भरकम सागौन की तीन सिल्लियां लदी थी इसके बाद स्टाफ के द्वारा वाहन को वनपरिक्षेत्र क्षलौन लाया गया है

#### झलोन रेंज की डुकरसता बीट पर वन माफियाओं की रहती नजर

क्षलोन परिक्षेत्र की डुकरसता बीट पर हमेशा वन माफियाओं की नजर बनी रहती है इस बीट में सागौन के भारी भरकम वृक्ष लगे हुए हैं जिनको धीरे-धीरे मशीन से तो कभी कुल्हाड़ी से काटकर वनमाफिया ले जा रहे हैं।

इसके पहले भी नगर से 21 मार्च 2023 को चोरी हुई बोलेरो वाहन का नंबर बदलकर 24 अप्रैल 2023 को इसी डुकरसता बीट के कंपार्टमेंट 156 में अवैध सागौन से लदी तीन सिल्लियो के साथ पकड़ा गया था। इसमें भी रात्रि का फायदा उठाते हुए वनमाफिया भाग गए थे। वन विभाग ने वाहन को अपनी अभीरक्षा में रखा था बाद में यह वाहन राजसात किया जा चुका है। सुबह-सुबह की गई कार्रवाई के दौरान वन परीक्षेत्र अधिकारी सतीश मासीह, भगवानदास विश्वकर्मा, शंकर सिंह, राकेश दुबे, इदरीस खान, सहित दैनिक श्रमिक मौजूद रहे।

# जबेरा तालाब की मोड़ पर गेहूं से भरा ट्रक पलटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जबेरा थाना क्षेत्र दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे जबेरा तालाब की मोड़ एक ट्रक बेकाबू होकर पलट गया। हादसा गुरुवार की सुबह 4 बजे का बताया जाता है। गेंहू से लोड ट्रक क्रमांक आर जी 11 जी डी 9255 जबलपुर वेयरहाउस से सागर मधुर वेयरहाउस जाते वक्त जबरा तालाब की मोड पर बेकाबू होकर पलट गया। हादसे चालक संदीप यादव परिचालक राहुल तिवारी बाल बाल बच गए। हादसे की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची हंड्रेड डायल की मदद से दोनों घायलों को जबरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर मामोली चोटें होने की वजह डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार दिया गया है चालक परिचालक फिल हाल ठीक बताए जाते है। चालक संदीप यादव ने बताया हमें खुद समझ में नहीं आया गाड़ी कैसे मोड़ पर पलट गया गाड़ी की गति में सामान्य थी अचानक से हादसा हुआ है राहत की बात रही हादसे में चालक परिचालक को ममोली चोटें आई लेकिन दोनों उपचार के बाद ठीक है और ट्रक में भरा गेंहू सड़क पर बिखरा पड़ा है।

# पल्स पोलियों अभियान को लेकर एसडीएम ने ली बैठक



**हटा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत बीटीएफ पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने हेतु एसडीएम राकेश मरकाम द्वारा कार्यालय में विकासखंड स्तर के अधिकारियों की बैठक आयोजित कर निर्देशित किया गया कि 0- से 5 साल तक के सभी बच्चों को 2 बूंद पोलियो की दवाई पिलाई जाय और प्रयास किया जाए कि प्रथम दिन ही लक्ष पूर्ण हो। एसडीएम ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन के निर्देशानुसार अभियान में सहयोग करे। पल्स पोलियो अभियान की जानकारी का प्रस्तुतिकरण बुध्दन तंतुवाय द्वारा प्रस्तुत किया गया। अभियान की प्लानिंग हेतु सीबीएमओ डॉ अमन श्रीवास्तव को निर्देशित किया कि अपने मार्गदर्शन में ब्लॉक टीम एवं समस्त मैदानी कर्मचारी उक्त अभियान को सफलतापूर्वक शासन के निर्देशों का पालन करते हुए पल्स पोलियो को सफल बनायें। बैठक में तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी, महिला बाल विकास अधिकारी शिवराय, नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र खरे ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह की उपस्थिती रही।

# जूड़ी नदी का संरक्षण तथा सौंदर्यकरण का हुआ शुभारंभ

**दमोह।** मैंने देखा हैं, यह बहुत ही खूबसूरत जगह हैं, इस जगह पर यदि अच्छे घाट बनेंगे, अच्छी पिचिंग होगी, सीवेज का ट्रीटमेंट प्रॉपर्ली होगा, बावड़ी व्यवस्थित रूप से बनेगी, तो ऐसी स्थिति में मुझे लगता हैं कि इस जगह की रंगत ही बदल जाएगी। इस आशय के विचार कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बटियागढ़ की जूड़ी नदी का संरक्षण एवं पुर्नजीवन तथा सौंदर्यकरण अभियान के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। उन्होंने कहा जिन लोगों ने इस जगह को थोड़े दिन पहले देखा है वह बाद में देखकर कहेंगे की जगह कैसे बदल गई हैं। कार्यक्रम का प्रारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश हैं और वह पुरानी बावड़ियों की, नदियों की, तालाबों की बहुत चिंता भी करते हैं। इन्हीं के जीर्णोद्धार के लिए उन्होंने 05 जून से लेकर 16 जून 2024 तक जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया है। इसमें पूरे जिले की अलग-अलग पुरानी बावड़िया, तालाबों और नदियों का गहरीकरण और जीर्णोद्धार, उनके आसपास की सफाई, घाटों की सफाई यह सभी कार्य अभियान चला कर किये जा रहे हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा अब हमने इस काम को हाथ में लिया हैं, इसको हम अंजाम तक पहुंचाएं। साथ ही ग्राम पंचायत शहजादपुरा और बटियागढ़ के ग्रामवासियों की जो मंशा है, उस मंशा के अनुरूप इस काम को हम पूरे अंजाम तक पहुंचाएंगे, तब जाकर के हम यह मानेंगे कि बाकई में कुछ ऐतिहासिक काम हुआ हैं। उन्होंने कहा हम जो कर रहे हैं यह हमारा काम हैं। मैं आप लोगों को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि जिला पंचायत इसमें कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इसके अलावा यहां ग्रामवासियों ने कुछ विषय पर अपनी बातें रखी हैं, उनका निराकरण किया जायेगा। कलेक्टर ने कहा कलेक्टर ऑफिस आम जनता का है और कलेक्टर भी आम जनता का हैं। यदि आपको कभी भी कोई भी समस्या होती है तो बिल्कुल आप निर्भीक होकर आये। ऑफिस के दिन या टाइम में जब भी आप आएंगे हम आपको हमेशा मिलेंगे और आपकी समस्याओं के समाधान का पुरजोर प्रयास किया जाएगा, ताकि आपको किसी प्रकार की दिक्कत ना हो। कलेक्टर ने कहा यहां आकर के बहुत अच्छा लगा। मैंने देखा कि लोग काम कर रहे हैं तो बड़ी खुशी हुई थी इसलिए मैंने यह कहा था कि इस काम को आगे पहुंचाना ही चाहिए। आप सभी से मिलकर और इतनी बड़ी संख्या में आप सभी को देखकर के बहुत खुशी हो रही, ऐसा लग रहा है कि पूरा गांव इस काम से जुटा हुआ हैं। उन्होंने कहा मैं सभी से आग्रह करता हूं कि ऐसे जनहित के कामों में आप सभी का सहयोग हमें हमेशा मिलता रहे। इस अवसर पर जल सवंर्धन अभियान के अंतर्गत जूड़ी नदी की सफाई, गहरीकरण, सौंदर्यकरण के काम में जनप्रतिनिधियों, ग्रामवासियों के साथ जिला कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत सहित मौजूद सभी लोगों ने इस श्रमदान कार्य में अपनी भागीदारी की। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा, प नरेंद्र व्यास, धर्मेद कटारे, कपिल शुक्ला, नरेंद्र कटारे, करण सिंह पटेल, सी ई ओ जनपद पंचायत बटियागढ़ एके सिंह, तहसीलदार रोबिन सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, सम्मानीय मीडियाजन एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।



# किराना दुकान में चोरी की वारदात

**हटा।** नगर के रतन बजरिया क्षेत्र में संचालित एक किराना दुकान में बुधवार की रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा दरवाजे तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। घटना की फुटेज दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई फरियादी द्वारा हटा थाना पुलिस में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई।जानकारी के अनुसार रतन बजरिया में संचालित प्रहलाद अग्रवाल के कल्पना किराना भंडार में बुधवार की दरमियानी रात करीब 2.30बजे अज्ञात व्यक्ति द्वारा दुकान के लकड़ी के दरवाजे तोड़कर रखी नगदी करीब 50 से 60 हजार रू.चोरी कर लिए गये एवं दुकान में रखी सामग्री व फर्नीचर आदि में तोड़फोड़ की गई। उल्लेखनीय है कि उक्त किराना दुकान में विगत दो वर्षों में चोरों द्वारा तीसरी बार चोरी की घटना को अंजाम दिया गया।

#### पुलिस गश्त पर उठ रहे सवाल-

देखा जाए तो नगर में फिर चोरों के हौसलें बुंलद होते जा रहे है जिसका मूल कारण यह सामनें आ रहा है कि पुलिस गश्त में की जा रही लापरवाही एवं नगर प्वाइंटो पर रात्रि के समय मुस्तैदी से गस्त न किए जानें पर इस प्रकार की चोरी की घटनाएं होना फिर शुरू हो गई।लेकिन ताज्जुब की बात यह है कि कल्पना किराना दुकान में पूर्व में हुई चोरी का पुलिस अभी तक अता-पता नहीं लगा सकी और उसी किराना दुकान में फिर तीसरी बार चोरी की घटना सामनें आई जहां पुलिस गस्त पर कहीं न कहीं सवालिया निशान खड़े होते नजर आ रहे है।

### समय सीमा के अंदर ऋण स्वीकृत किये जायें-कलेक्टर

**दमोह।** जिला स्तरीय परामर्शदाता समिति, जिला स्तरीय समन्वय समिति मीटिंग एवं दमोह ब्लॉक की बीएलबीसी बैठक कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अर्पित वर्मा, भारतीय रिजर्व बैंक दीपक शर्मा, आरसेटी दमोह सुश्री स्वाति भोला, एफ एल सी विजय साहू, जिले के सभी विभाग एवं सभी बैंक के शाखाओं की सहभागिता रही। कलेक्टर श्री कोचर ने सभी बैंकर्स को निर्देशित किया है समय सीमा के अंदर गवर्नमेंट स्पॉन्सर स्कीम के सभी ऋण प्रकरण स्वीकृत एवं वितरण किये जाना सुनिश्चित किये जायें। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि **BLBC** मीटिंग में सभी जिला अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का आयोजन जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक नरेंद्र सोनी **SBI** के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

# बीटीएफ की बैठक संपन्न



**पटेरा।** अनुविभागीय अधिकारी हटा के निर्देशानुसार तहसीलदार पटेरा की अध्यक्षता में 23 जून 2024 से 25 जून 2024 तक आयोजित होने वाले पल्स पोलियो अभियान हेतु बीटीएफ बैठक आयोजित की गई जिसमें समस्त विभागों के प्रमुख एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे जिसमें जनपद पंचायत पटेरा से सीईओ, स्कूल शिक्षा विभाग से बीईओ एवं बीआरसी, नगर परिषद सीएमओ प्रतिनिधि, महिला बाल विकास से प्रतिनिधि एवं अन्य समस्त विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा से बीएमओ डॉ. अशोक बारोनिया, बीपीएम अनिल कटारया, बीसीएम ममता गुप्ता, कोल्ड चैन हैंडलर मुकेश तंतुवाय, नईमुद्दीन खान, जमाल खान, पारस ताम्रकार एवं सचिन की उपस्थिती रही कार्यक्रम का संचालन बीईई प्रमोद तंतुवाय के द्वारा किया गया।

# 9 जुलाई को मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह का आयोजन, पंजीयन 10 जून से 1 जुलाई तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



जबेरा विधानसभा से विधायक मध्यप्रदेश शासन में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी जी के नेतृत्व में उनकी जबेरा विधानसभा के कृषि उपज मंडी तेंदूखेड़ा में मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना/निकाह योजना का आयोजन आगामी 09 जुलाई 2024 को होने जा रहा जिसके पंजीयन 10 जून से 1 जुलाई तक होंगे आवश्यक दस्तावेजों के निर्धारित समय में जोड़े पंजीयन करा सकते हैं। वर वधु के जोड़े के पंजीयन के लिए जनपद जबेरा एवं तेंदूखेड़ा के ग्राम पंचायत को कार्य दायित्व सौंपे पर गए हैं बीते मैं मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाय योजना की ऐतिहासिक सफलता के बाद इस वर्ष भी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी के द्वारा यह आयोजन को वृहद रूप देने के लिए अभी से प्रयास तेज कर दिए गए है आवेदन फार्म जनपद जबेरा के निवासी जबेरा में जमा कर सकेंगे एवं जनपद के हितग्राहि जनपद तेंदूखेड़ा में आवेदन कर सकेंगे। विवाह सम्मेलन के लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने अभी तैयारियां शुरू कर दी राज्य मंत्री लोधी के निर्देशन के अनुसार आमंत्रण पत्रों को घर घर जाकर भेजा जाएगा जिससे अतिथि कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कर नव जुगल जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। बता दें बीते वर्षजबेरा विधानसभा के नोहटा 726 और तेंदूखेड़ा में 866 जोड़ों के सामूहिक विवाह सम्मेलन के माध्यम से मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी जी ने करवायें थे जहां भोजन व्यवस्था,स्वागत व्यवस्था, एवं बुन्देली कार्यक्रम के साथ एक ऐतिहासिक सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित हुआ था जिसकी सफलता की चर्चाएं विधानसभा से लेकर पूरे प्रदेश में हुई थी।

# अभिनेत्री भाग्यश्री ने किया सम्मान




**तेंदूखेड़ा।** नगर की अंजलि साहू एवं रचना साहू को बिजनेस अचीवर्स अवार्ड से फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री ने सम्मानित किया है। उक्त कार्यक्रम 8 जून को होटल स्वान एलिजा में आयोजित किया गया था। जबलपुर ब्यूटीशियन वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस उपलब्धि के लिए नगर एवं क्षेत्र के लोगों द्वारा बधाइयां दी जा रहे हैं।

# कृष्ण के जेल में जन्म लेते ही टूट गए सारे बंधनः पं रमेश पांडेय

**बनवार।** भगवान का जन्म कितने कष्टों के साथ जेल में हुआ, लेकिन उनके जन्म लेते ही सारे बंधन टूट गए। जब-जब धरती पर अधर्म और अन्याय बढ़ता है, तब-तब उसका अंत करने के लिए भगवान अवतरित होते हैं।



भगवान कृष्ण ने भी भक्तों के उद्धार एवं संसार से आसुरि शक्ति को नष्ट करने के लिए जन्म लिया एवं सृष्टि को श्रीमद् भागवत गीता का उपदेश दिया। इसकी राह पर चलकर हर मनुष्य सद्मार्ग को पा सकता है। यह बात कथा व्यास पंडित रमेश पांडेय ने बनवार में आयोजित श्रीमद् भागवत कथ चौथे दिन कथा में बोल रहे थे। कथा दौरान कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। उन्होंने जब कृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाया, तो ये सुन सारा वातावरण उत्साह और उल्लास से भर गया। नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, इसी भाव और गुंज के साथ सारा वातावरण कृष्णमय हो गया कथा श्रोता रामदुलारी अग्रवाल संजय संदीप अग्रवाल एवं समस्त अग्रवाल परिवार ने कृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया इस दौरान कथा व्यास जी ने कहा हम माया को छोड़ेंगे, तो हमारी काया सुधार जाएगी। प्रीत हमारी प्रभु से बढ़े, ये हमें संसार से तार देगी। इससे हमारा जीवन सुखमय व्यतीत होगा। जीवन जीते-जीते हम न तो माया को मार पाते है, न काया को सुधार पाते है। हमने माया रूपी लड्डू को पकड़ रखा है। हम उसे छोड़ेंगे, तो हमारी काया सुधार जाएगी। त्याग करने वाला तर जाता है और भोगने वाला भोगते-भोगते मर जाता इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही।

# टीएलएम निर्माण कार्यशाला का शुभारंभ



**हटा।** विद्यार्थियों की शिक्षण प्रक्रिया को रोचक और उपलब्धि परक बनाने के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हटा में जिले के चयनित ग्यारह पीएमश्री विद्यालयों के शिक्षकों की तीन दिवसीय शिक्षण अधिगम सामग्री (टी.एल.एम.) कार्यशाला का शुभारंभ हुआ।कार्यशाला के प्रारंभ में प्राचार्य एसके मिश्रा ने शिक्षण अधिगम सामग्री की आवश्यकता उपयोगिता से शिक्षकों को परिचित कराया।प्रशिक्षण प्रभारी ए.के. सिंह ने शिक्षण अधिगम सामग्री के निर्माण में किन सिद्धांतों का ध्यान रखा जाता है विषय पर सभी से चर्चा की। आरपी विश्वकर्मा ने लो कॉस्ट एवं नो कॉस्ट शिक्षण अधिगम सामग्री के निर्माण की आवश्यकता से सभी को अवगत कराया। टी.एल.एम.निर्माण कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के में विज्ञान विषय के लिए माधव पटेल,गणित विषय हेतु विजय बहादुर सिंह,अंग्रेजी विषय के लिए विजय आदर्श व हिंदी विषय के लिए दिनेश प्यासी मार्गदर्शी शिक्षक के रूप में कार्य कर रहे है।

# कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं का माना आभार



**दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में वर्तमान में सपन्न हुये लोकसभा समीक्षा एवं आभार सभा जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई जिसमें दमोह विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक, उपाध्यक्ष अध्यक्ष, मण्डल सेक्टर, कांग्रेस सेवादल, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, भा.रा.छात्र संगठन के अलावा कांग्रेस के प्रकोष्ठो विभागों के अध्यक्ष पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं पार्षदगण उपस्थित थे। दमोह लोकसभा क्रमांक 7 में कांग्रेस के प्रत्यासी रहे तरवर सिंह लोधी ने कहा चुनाव में हार जीत होती रहती है मुझे इस बात की कोई चिंता नहीं है मैं इमानदार व्यक्ति हूं मैं इमानदारी से कार्य कर जनता की सेवा करता रहूंगा मैं दमोह लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं कांग्रेसजनों एवं आम जनता का आभार व्यक्त करता हूं। बैठक में पूर्व विधायक अजय टंडन ने कांग्रेसजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चुनाव में हार जीत होती रहती है। जनता की सेवा करना मुख्य उद्देश्य है साथ ही जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कांग्रेसजनों एवं आम जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन में सक्रियता एवं मजबूती लाई जायेगी। इसी प्रकार पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष तेजीराम रोहित, संगठन प्रभारी सतीश जैन कल्लन भैया, लालचंद राय, नितिन मिश्रा, उवैद गौरी, अमर सींग राजा पटना, रजनी ठाकुर, वीरेन्द्र ठाकुर, शमीम कुरैशी, रफीक खान पार्षद, पप्पू कसोटया, अमित नामदेव, गुड्डु तिलकधारी, अरूण मिश्रा, डीपी पटैल, विजय बहादुर सींग, विजय कर्माकर, नीलेश यादव ने आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत एवं सक्रियता बनाने की आवश्यकता है।

**खबर संक्षेप**

## सतीश जैन कल्लन ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया

**दमोह।** जिला कांग्रेस के महामंत्री एवं संगठन प्रभारी सतीश जैन कल्लन भैया ने जिला कांग्रेस कमेटी की प्राथमिक सदस्यता से 14 जून को इस्तीफा दे दिया है इस संदर्भ में जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतनचंद जैन को भेजे अपने इस्तीफा पत्र में श्री जैन ने बताया कि लगभग 34 वर्षो से संगठन के विभिन्न पदों पर सेवारत रहा हूं जिसमें मुझे पार्टी के द्वारा जो दायित्व सौंपा गया उसका मैने पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन किया है। अतः पारिवारिक परिस्थितियों के कारण मैं संगठन के सभी पदो एवं पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**दमोह।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत आज 16 जून को दमोह नगर में प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक बेलाताल तालाब में सफाई अभियान श्रमदान कार्यक्रम, शाम 4.30 बजे से राजनगर तालाब परिसर में वन विभाग के सौजन्य से पौधारोपण एवं सायं 5.30 बजे से राजनगर तालाब पर पौधारोपण एवं गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर गंगा आरती कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु पुरोहित ने जनप्रतिनिधियों, नागरिकों, मीडियाजनों आदि सभी से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

## मुनि श्री निष्पक्षसागर जी महाराज पहुंचे देवडोंगरा

**कुंडलपुर।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर से युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य भगवन श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य आचार्य भगवन श्री समय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से मुनि श्री निष्पक्षसागर जी महाराज, मुनि श्री निस्पृहसागर जी महाराज, मुनि श्री निष्काम सागर जी महाराज, मुनि श्री निष्कंप सागर जी महाराज का मंगल विहार कुंडलपुर से पटेरा की ओर हुआ। पटेरा में अहारचर्या के पश्चात रात्रि विश्राम देवडोंगरा ग्राम में हुआ। आज की आहारचर्या संभवतः हिण्डोरिया में होगी।

### कटनी बीना रेल सेक्शन में थर्ड लाइन व फुट ओवर ब्रिज निर्माण कार्य में देरी बन रही जान की दुश्मन

# घटेरा स्टेशन पर मालगाड़ी के नीचे से निकल रही छात्रा हादसे की शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कटनी बीना रेल सेक्शन में थर्ड लाइन निर्माण कार्य में देरी के साथ स्टेशनों के कायाकल्प एवं अन्य कार्यों में संबंधित ठेकेदारों की लेट लतीफी की वजह से यात्रियों के साथ ग्रामीण जनों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन हादसों का शिकार होना पड़ रहा है। इसके बावजूद तय समय सीमा में कार्य कंप्लीट करने की ओर ना ठेकेदार ध्यान दे रहे हैं और ना ही रेलवे के अधिकारी। ऐसे ही कुछ हालातो के बीच घटेरा रेलवे स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज के निर्माण में लगातार देरी की वजह से स्थानीय निवासियों तथा यात्रियों को रेल लाइन पार करने को मजबूर होना पड़ रहा है। यहां पर माल गाड़ियों के देर तक खड़े रहने की वजह से आवश्यक कार्य करने के लिए ग्रामीणजन माल गाड़ी के नीचे से निकलने को मजबूर रहते हैं और उनका कोई रोकने रोकने वाला भी नहीं होता। शनिवार को सुबह अपने रेलवे स्टेशन के उस पार बसे आदिवासी मोहल्ला से घटेरा अपनी सहेली की पुस्तक लौटने रेलवे ट्रैक पार कर रही थी। इसी दौरान मालगाड़ी चल पड़ी और छात्रा नीतू गौड़ का एक पैर चपेट में आ गया। उसके बाद उसे गंभीर हालत में 108 की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया गया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। इस हादसे मैं छात्र की मौत हो जाने से परिजनों का जहां रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है वहीं ग्रामीण जनों के द्वारा इस तरह की घटनाओं के लिए फुट ओवर ब्रिज का कार्य करने वाले रेलवे ठेकेदार की लेट लतीफी तथा लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। यहा पर 6 माह पूर्व फुट ओवर ब्रिज के लिए फाउंडेशन के निर्माण कराया जा चुका है। लेकिन उसके बाद से कार्य बंद रहने से लोगो को मजबूरन रेलवे लाइन क्रास करनी पड़ रही है और ग्रामीण हादसे का शिकार हो रहे है। आज भी 15 वर्ष की छात्रा नीतू पिता नोने आदिवासी निवासी घटेरा अपने घर से सहेली को किताब देने रेलवे स्टेशन के दूसरी तरफ जा रही थी। तो अप रूट की मील लाइन पर मालगाड़ी खड़ी होने पर छात्रा मालगाड़ी के नीचे से निकलने का कोशिश की। इसी दौरान मालगाड़ी आगे बढ़ गई और छात्रा का पैर ट्रेक पर आने से कट गया।





बता दे कि रेलवे स्टेशन घटेरा में रेलवे लाइन के दोनों तरफ ग्रामीण निवास करते है और फुट ओवर ब्रिज नही होने से एक तरफ से दूसरी तरफ जाने के लिए रेल लाइन क्रास करना पड़ती है। वर्तमान में तीसरी रेल लाइन के साथ स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज भी स्वीकृत किया गया है और ठेकेदार ने जनवरी माह में उसका निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया था,लेकिन फाउंडेशन बनाने के बाद ठेकेदार ने निर्माण कार्य बंद करा दिया और ग्रामीणों सहित रेल यात्रियों को एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म तक आने जाने के लिए जान हथेली पर रखकर रेल लाइन क्रास करनी पड़ रही है।

## गैसाबाद में शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन



**हिनौताकला।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के दिशा निर्देशन में थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ने थाना परिसर गैसाबाद में आगामी 17 जून को ईद पर्व् को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ने कहा कि ईद पर्व के दिन किसी भी प्रकार की गलत गतिविधियां उत्पन्न ना हो जिससे लोक शांति भंग हो पर्व को शांति पूर्वक परंपराओं का निर्वहन कर आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। कही भी गोकशी गोवंश का परिवहन होते हुए देखे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। पेड़ पौधे लगाये एवं जब तक वह बड़े ना हो जाए तब तक उनकी सुरक्षा करें। बैठक में गोपाल पटेल, लक्ष्मण तिवारी, नरेंद्र चौकरया, जय राज कुसमरिया, नारायण सिंह, लोकेंद्र सिंह, नोने सिंह, मिथिलेश पटेल, रामदास अभिषेक असाटी, अमृत सिह राजपूत, अजीत खान, सुरेश उपाध्याय, जितेंद्र चौरसिया, जिमी नगरिया, विनोद अहिरवार, रजनीश तिवारी दीपेंद्रपटेल यशवेंद्र हजारीआदिकी उपस्थिति रही।

## सहस्त्रचंडी यज्ञ की पूर्णाहुति करेंगे जै जै छोटे सरकार





**दमोह।** स्थानीय राजा मैरिज हाल में मां श्री सहस्त्रचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा हैं जिसमें पं. चंद्रगोपाल पौराणिक ने बताया कि श्री सहस्त्रचंडी महायज्ञ का हवन 24 घंटे 15 जून 2024 दिन शनिवार सुबह 11 बजे से 16 जून 2024 दिन रविवार को हवन की पूर्ण आहूति जैजै छोटे सरकार के द्वारा यज्ञ की पूर्णाहुति और समस्त विप्र आचार्य शास्त्री गण पूर्ण आहुति करेंगे, पूर्णाहुति सुबह 11 बजे होगी, उसके बाद कन्या पूजन, और 12 बजे से सुहागले और भंडारा प्रारंभ दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक होगा। गंगा दशहरा 16 जून 2024, दिन रविवार को जल बिहार यात्रा शाम 06 बजे नगर भ्रमण होकर फुटेरा तालाब बड़ी देवी मंदिर में विसर्जन किया जावेगा। आचार्य . चंद्रगोपाल पौराण। के सानिध्य में समस्त ब्राम्हणों के सहयोग से संपन्न हुआ जिसमें कैलाश प्यासी, रामेश्वर गोस्वामी, सुनील दुबे शास्त्री, देवेन्द्र दुबे डब्बल, नितिन शर्मा, आशीष कटार, पं. राहुल पाठक, आशुतोष गौतम छोटू शास्त्री, सुदर्शन पाठक, अंकुर दुबे, सत्यम मिश्रा, केशव रावत, की उपस्थित रही। पुजारी, पुरोहित, कर्मकांडी, भागवतचार्य, एवं समस्त भक्तगण सेवा भाव परिवार के सभी के सहयोग से यज्ञ सफल हुआ। सेवा भाव परिवार में बग्गे ठाकुर, कन्हाई खटीक, सोनू सोनी, अर्पण अग्रवाल, राजू यादव, नर्मदा, एवं सेवा भाव परिवार के समस्त लोगो की उस्थिति रही। आयोजक सेवा भाव परिवार एवं समस्त भक्तगण दमोह, सेवा भाव परिवार, आप सभी से हवन कर धर्मलाभ लेवें।

## सांसद राहुल सिंह पहुंचे कुण्डलपुर, आचार्य श्री समयसागर जी से लिया आशीर्वाद





**कुंडलपुर पहुंच कर बड़े बाबा के दर्शन किए, कमेटी ने किया सम्मान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र, जैन तीर्थ कुंडलपुर में नवनिर्वाचित दमोह सांसद राहुल सिंह ने कुंडलपुर पहुंचकर पूज्य बड़े बाबा के दर्शन किए श्रीफल चढ़ाया ,छत्र चढ़ाया एवं आरती की नवनिर्मित सहस्त्रकूट जिनालय के भी दर्शन किए। सांसद जी ने परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के पदाधिकारी सदस्यों द्वारा सांसद महोदय का शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर अमित बजाज, प्रिंस जैन, भागीरथ सहित दयाशंकर चौबे, पार्षद पुष्पेन्द्र सोनी, दिलीप पटैल काशीराम साहू आदि कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

## राज्यमंत्री ने मुनि श्री सुधा सागर जी से लिया आशीर्वाद

**दमोह।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वंतत्र प्रभार लखन पटेल ने आज पथरिया में मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा मैं बहुत प्रसन्न हूं, गुरुदेव का आगमन मेरे विधानसभा क्षेत्र में हुआ जिसके लिए मैं उनका कोटि-कोटि नमन करता हूं। उन्होंने कहा मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज जी से निवेदन करता हूं, यदि यहां पर चौमासा होता है तो हम सब पथरियावासी धन्य हो जाएंगे। आप सबके आशीर्वाद से मध्य प्रदेश सरकार ने मुझे पशुपालन विभाग का मंत्री बनाया हैं। राज्य मंत्री श्री पटेल ने कहा हमारी सरकार बेसहारा गोवंश के लिए बेहतर व्यवस्थाएं करने जा रही है। उन्होंने कहा महाराज जी आपका आशीर्वाद और मार्गदर्शन मिले जो सड़क पर गौवंश से उसे समस्या को कैसे निजात मिले।



## कुण्डलपुर जा रही कार दुर्घटनाग्रस्त



**दमोह।** हिण्डोरिया के समीप नागपुर से कुडलपुर जा रहे दंपत्ति की कार दुघर्टना ग्रस्त हो गई। दोनों पति पत्नी बहुत बुरी तरीके से कारके नीचे दबे हुये थे। हादसे के बाद कार पलट गई एवं के चारों चके ऊपर आ गये थे। तब वहां से गुजर रहे पुलिस आरक्षक अजय शर्मा ने यात्रियों को सुरक्षित निकालकर उनकी जान बचाई। हादसे कैसे हुआ इसी जांच पुलिस कर रही है।

## हिन्दू जागरण मंच ने थाना प्रभारी को आवेदन सौंपा

दमोह।

हिन्दू जागरण मंच द्वारा कोतवाली थाना प्रभारी को एक आवेदन सौंपा गया जिसमें बताया कि कल सोमवार को मुस्लिम समाज का बकरीद का त्यौहार मनाया जाना है जिसमें बड़ी संख्या में पशु बलि का आयोजन किया जाता है इस पत्र के माध्यम से आपसे अनुरोध करते हैं कि किसी भी तरीके से गौवंश और सरकार द्वारा अमानक पशुओं की हत्या इस ईद में ना की जाए, इसका कड़ाई से पालन दमोह प्रशासन करें ऐसा निवेदन इस पत्र के माध्यम से कर रहे हैं, गत कई वर्षों से शहरी क्षेत्र के तालाबों में ईद के पश्चात मृत बकरों की खाल एवं अन्य अवशेष को डाल दिया जाता है, जिससे जल प्रदूषण फैलता है एवं आसपास के क्षेत्र में बदबू और बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है। आवेदन सौंपते हुए आपसे अनुरोध है कि बकरीद एवं उसके अगले दिन जल स्त्रोतों के पास आसपास आवश्यक व्यवस्था बनाकर जलस्त्रोतों में मर्त अवशेषों से मिलने से रोकने का कष्ट करें।

## बकायन में अज्ञात आरोपी ने सूने घर में की चोरी

**दमोह।** जिले के ग्राम बकायन से बीते बीती रात अज्ञात आरोपी के द्वारा सूने घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। जिसका CCTV फुटेज भी सामने आया है। जानकारी के मुताबिक बकायन निवासी मनोहर पौराणिक बीते दिन अपने रिश्तेदारों के यहां गए हुए थे। उसी दौरान बीती रात अज्ञात चोर के द्वारा उनके सूने घर में छत से घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। वहीं आरोपी घर में टांगे पेंट की जेब से 5 हजार रूपया व जेवरात सहित नगदी लेकर मौके से फरार हो गया। वहीं पास में लगे CCTV कैमरे में यह पूरी घटना कैद हो गई। जिसमे आरोपी घर की छत से चडकर चोरी करते नजर आ रहा है। वहीं पीड़ित के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के नाम आवेदन सौंपकर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की गई है।


### सिद्धों की झिरिया बुझा रही देवतरा गांव के लोगों की प्यास...

# जंगल की झिरिया के पानी से जिंदा एक गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

प्रचंड गर्मी में जब हर कोई पानी के सहारे जी रहा है, उसी दौर में देवतरा गांव के लोग दो घूंट पानी के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे हैं। दमोह से 50 किमी दूर जबेरा विधानसभा की अंतिम सीमा से लगे जंप जबेरा की ग्राम पंचायत पौंडी के आदिवासी गांव में पानी का कोई स्त्रोत नही बचा है। पूरा गांव जंगल के अंदर 1 किमी दूर से झिरिया से पानी भरकर जिंदगी बचा रहा है। जबकि, उसी पानी के भरोसे जंगली जानवर भी अपना जीवन बचाए हुए हैं। 300 की आबादी में जंगल में बसे गांव देवतरा के लिए कहने को दो हेंडपंप व एक कुंआ हैं लेकिन जलस्तर गिरने से सभी हैंडपंप पानी की जगह हवा फेंक रहे हैं। वहीं कुएं भी सूख गए हैं। स्थिति यह है कि गांव में पेयजल स्त्रोतों से लोगों को एक बूंद भी पानी नहीं मिल पा रहा है। जिससे अब ग्रामीणों को गांव से एक किमी दूर प्राकृतिक जल स्त्रोतबीसिद्धों की झिरिया से पीने के पानी को सिर पर मटके व पीले कुप्पे उठाकर लाना पड.रहा है। रोजाना दर्जनों महिलाएं जंगली रास्ते से सुबह शाम पानी के लिए मशक्कत करती नजर आती हैं। ग्रामीणों को तो जैसे-तैसे सिद्धों की झिरिया से पानी मिल जाता है लेकिन मवेशियों को पानी नहीं मिल पा रहा है। जो प्यास से व्याकुल हो रहे हैं। गांव के जितेंद्र शिवराज बंदी मंजू सिंह व बुजुर्ग महिला कमल रानी ने बताया कि देवतरा गांव में पेयजल के स्त्रोत में एक बूंद भी पानी नहीं है। ऐसी स्थिति में पूरा गांव जंगल के प्राकृतिक झिरिया के सहारे प्यास बुझाने के लिए मजबूर है। यदि यह झिरिया नहीं होती तो गांव में अकाल जैसी स्थिति निर्मित हो जाती या फिर लोगों को गांव छोड़कर जाना पड़ता। लेकिन यह झिरिया पूरे गांव के लोगों के लिए वरदान बनी हुई है। इसका पानी कभी भी खत्म नहीं होता। है।





### टंकी में पानी. नहीं..पाइप लाइन बनी शो पीस

शासन प्रशासन द्वारा जिले भर में नल जल योजना पूरी किए जाने के दावे किए जा रहे हैं। योजना के जरिए हर घर नल पहुंच चुका है। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। सरकारी योजना के तहत देवतरा गांव में पानी की टंकी बन चुकी टंकी से हर घर जल पहुंचाने पाइप लाइन भी डाली गई लेकिन गर्मियों के तीन माह भीषण जल संकट से जूझ रहे इस गांव की टंकी खाली और पाइप लाइन शो पीस बनी हुई। यहां के ग्रामीणों को पानी के लिए एक किलोमीटर तक का सफर तय करना पड़ता है। जब जाकर कहीं जीने के लिए जरूरी पीने का पानी नसीब होता है हैरानी की बात तो यह है की मुद्दत से इस गांव गर्मियों के चार माह पीने के पानी की किल्लत रहती है। बावजूद इसके हर घर नल के जरिए पानी पहुंचाने की इस योजना का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ अभी तक पूरा नहीं किया गया है।

## स्कूल चलें हम अन्तर्गत भविष्य से भेंट कार्यक्रम के लिए पंजीयन प्रारंभ-कलेक्टर

**दमोह।** स्कूल चले हम अभियान के तहत 21 जून को विद्यालयों में भविष्य से भेंटï कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा संस्था प्रमुख अपने आस पड़ोस तथा ग्राम के अभिभावकों, आम नागरिकों, पूर्व छात्रों तथा अन्य इच्छुक व्यक्तियों को लिंक के माध्यम से विद्यालय के लिए पंजीयन करेंगे। उन्होंने कहा आगंतुक अतिथि विद्यालय में आवश्यकता अनुसार उपहार सामग्री आदि भेंट कर सकते हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा विद्यालय संस्था प्रमुख ध्यान रखेंगे किसी भी स्थिति में नगद राशि स्वीकार नहीं करेंगे। विद्यालय हेतु आवश्यक उपयोगी सामग्री के बारे में जानकारी उपस्थित अतिथि को अवश्य प्रदान करेंगे। इच्छुक व्यक्ति अपने नजदीकी/सुविधाजनक विद्यालय में उपस्थित हो सके इसके लिए पूर्व छात्र स्वयंसेवी संस्थाएं, व्यवसायी, आम नागरिक अपने पंजीयन कर सकते हैं। इस कार्यक्रम हेतु दी गई लिंक पर इच्छुक व्यक्ति अपने नामांकन कर सकते हैं।

## राज्यमंत्री श्री सिंह विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**दमोह।** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी आज 16 जून 2024 को दमोह जिले के शिव मंदिर खर्राघाट में शाम 5 बजे जल गंगा संवर्धन अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम तथा व्यारमा नदी पर गंगा आरती में शामिल होंगे। श्री लोधी सांय 04 बजे नोहटा से शिव मंदिर खर्राघाट ग्राम पंचायत हाथीघाट के लिए रवाना होकर 05 बजे यहां पहुँचेगे। कार्यक्रम उपरांत आप यहां से प्रस्थान कर निज निवास नोहटा जायेंगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे।